Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title : Need to conduct investigations into the source of LPG found at Rahatgar in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर (म.प्र.) के राहतगढ़ नामक स्थान में एक व्यक्ति द्वारा सात र्वा पहले पानी के लिए बोरिंग कराई गई थी। पानी की तलाश में कराए गए बोर से घरती से चार साल से लगातार एलपीजी गैस निकल रही है तथा इस प्राकृतिक गैस से घरेलू कार्यों के अतिरिक्त अन्य कमर्शियल कार्य भी चल रहे हैं। तीन र्वा पहले खनिज विभाग के कुछ लोग वहां गए थे। उन्होंने कहा था कि थोड़ी बहुत गैस है, कुछ समय के बाद बंद हो जाएगी, पर गैस अब तक न तो बंद हुई है और न ही उसकी लौ धीमी पड़ी है। इस क्षेत्र के दो तीन और बोर से भी गैस निकली है।

उल्लेखनीय है कि 7-9 र्वा जबलपुर में आए भूकंप से जबलपुर, दमोह सागर तक का क्षेत्र भूकंप से प्रभावित हुआ था। अतः चार साल से लगातार निकल रही गैस अब आश्चर्य से कहीं ज्यादा बढ़ कर प्राकृतिक गैस विभाग की अनदेखी की वजह से चर्चा में है। इसके स्त्रोत तलाशने और इस गैस से होने वाले खतरों के बारे में अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इस क्षेत्र में दो पैट्रोल पंप एवं एक एलपीजी गैस के गोदाम भी हैं। कहीं ये कोई बड़ी दुर्घटना अथवा भूकंप जैसे त्रासदी के लक्षण तो नहीं। कहीं इस तरह के स्त्रोतों से दुर्घटना होने की संभावना तो नहीं?

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि भूगर्भ शास्त्र विभाग तथा प्राकृतिक गैस विभाग को निर्देशित कर इस मामले की गहराई से इंवेस्टीगेशन करवाने का सहयोग करें।

MR. SPEAKER: It is an important issue. It should be looked into.